भारत सरकार

Government of India

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

Ministry of Home Affairs, Department of Official Language

हिंदी शिक्षण योजना (परीक्षा स्कंध)

Hindi Teaching Scheme (Examination Wing)

परीक्षा की तारीख ----------

Date of examination

पारंगत परीक्षा - नवंबर 2022

समय : 3 घंटे **प्रश्न पत्र - द्वितीय** **पूर्णांक : 100**

---

1. नीचे दिए गए अंग्रेजी शब्दों में से किन्हीं 10 शब्दों के हिंदी पर्याय लिखिए और उन हिंदी शब्दों से कार्यालयीन हिंदी में वाक्य बनाइए । (15 अंक)

1.Agenda 2. Assurance 3. Wear and tear 4. Status quo

5. Nemitee 6. Provisional 7. Overtime 8. Log book

9. Honorary 10. Initiative 11.Schedule 12. Gratuity

2. निम्नलिखित अंग्रेजी वाक्यों का हिंदी में अनुवाद करें । (15 अंक)

1. Early orders are solicited.
2. Failing which serious action may be taken.
3. No further action is called for.
4. Probation period has been successfully completed.
5. Dispose the matter within 30 days.
6. Central Govt. Offices shall remain closed on the day of poll.
7. The details of the expenditure will be borne by the office concerned.
8. This amount may be deducted in 10 equal installments.
9. Mention all terms and conditions in tender notice.
10. More facilities may be made available to customers.

3. नीचे दी गई स्थितियों में से किन्हींदोपर यथा निर्देशित मसौदे तैयार करें। (20 + 20 अंक)

(क) स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सरकारी कार्मिकों के लिए सप्ताह में दो दिन,दो घंटे के लिए 'योगाभ्यास सत्र' चलाया जाना है । प्रत्येक सत्र के बाद सभी प्रतिभागियों के लिए जलपान की व्यवस्था का विवरण देते हुए एक टिप्पणी तैयार कीजिए । टिप्पणी के साथ सभी कार्मिकों को इस 'योगाभ्यास सत्र' में उपस्थित रहने संबंधी अनुदेश जारी करने के लिए एक परिपत्र का मसौदा तैयार कीजिए।

(ख) श्री मनोज कुमार, अवर श्रेणी लिपिक ने ये शिकायत की है कि उनके सहकर्मी श्री नीरज कुमार, अवर श्रेणी लिपिकएक राजनैतिक पार्टी के सक्रिय सदस्य हैं । वे दिनभर कार्यालय समय में गायब रहकर उस पार्टी का कार्य करते रहते हैं । उन्हें कई बार धरना और प्रदर्शन करते देखा गया है जिसके साक्ष्य भी उन्होंने प्रस्तुत किए हैं । मामले की सत्यता की जाँच करने एवं आवश्यक कार्रवाई करने के लिए टिप्पणी तैयार कीजिए, तत्पश्चात श्री मनोज कुमार से स्पष्टीकरण माँगने हेतु आदेश का मसौदा प्रस्तुत कीजिए ।

(ग) नीति आयोग,नई दिल्ली की ओर से विभिन्न राज्यों में लंबित योजनाओं के लिए बजट संबंधी आवश्यकताओं और नई योजनाओं के क्रियान्वयन के उद्देश्य से प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की जानी है । इस बैठक में सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया जाना है । बैठक की कार्यसूची की पूर्ण जानकारी देते हुए स्वत:पूर्ण टिप्पणी तैयार कीजिए एवं इस संबंध में उपाध्यक्ष, नीति आयोग की ओर से मुख्यमंत्रियों को भेजे जाने वाले अर्ध सरकारी पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए ।

4. नीचे दी गई स्थितियों में से किन्हींदो पर मसौदा तैयार करें। (10 + 10 अंक)

(क) झारखंड की राज्यपाल श्रीमती ---------- का भारत की राष्ट्रपति नियुक्त होने के कारण तथा नए राज्यपाल की नियुक्ति होने तक बिहार के राज्यपाल को झारखंड के राज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार सौंपे जाने के संबंध में एक अधिसूचना का मसौदा तैयार कीजिए।

(ख) केंद्रसरकार के कार्मिकों की वेतन वृद्धि हेतु सरकार ने एक आयोग गठित करने का निर्णय लिया है । आयोग के अध्यक्ष, सदस्य, समयावधि, विषय आदि की विस्तृत जानकारी देते हुए एक संकल्प का मसौदा तैयार कीजिए ।

(ग) आपके उप निदेशक अपने अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण करने हेतु दिनांक -------- से दिनांक ------ तक हैदराबाद, चेन्नै और मुंबई का दौरा करने वाले हैं । उप निदेशक का दौरा कार्यक्रम मंजूर होने पर कार्यालय आदेश का मसौदा तैयार कीजिए ।

5. नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर 15 वाक्य लिखिए । (10 अंक)

(क) राजभाषा हिंदी

(ख) साक्षर भारत

(ग) प्रदूषण समस्या एवं निदान